हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 27 सितंबर 2025

07 नए दशहरा मैदान का निरीक्षण, रावण दहन की ...

08 अब पुलिसिंग भी होगी हाई टेक और हाई क्लास, एसपी...







### बंटवारा आदि के लिए पहुंचे लोग तब मामला उजागर हुआ तो किसानों ने ली सुप्रीम कोर्ट की शरण, कुछ को मिली राहत

# जिला पंजीयक कार्यालय का कारनामाः 48 किसानों की 3500 एकड़ जमीन की कर दी फर्जी रजिस्ट्रियां!

रेहटी तहसील से लेकर सीहोर जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय की संदिग्ध भूमिका, कई वेंडर भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंजीयक कार्यालय वर्तमान में जिला पंजीयक अधिकारी प्रेमनंदन सिंह के ड्राइवर रवि सोलंकी के कारनामों को लेकर चर्चाओं में है, लेकिन इससे पहले भी जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय सीहोर ने कई बड़े-बड़े कारनामे किए। जिला उप पंजीयक कार्यालय ने रेहटी तहसील के करीब 200 किसानों की 48 फर्जी रजिस्ट्रियां करके 3500 एकड़ जमीन पीएसीएल कंपनी की अन्य सहयोगी कंपनियों के नाम पर फर्जी रजिस्ट्री कर जमीनें कंपनियों के नाम कर दी। किसानों को पता ही नहीं और उनकी जमीनें बिक गई। मामले का खुलासा मार्च-2023 में उस समय हुआ, जब कुछ किसान जरूरत के मुताबिक अपनी जमीनों के क्रय-विक्रय, पारिवारिक बंटवारा आदि करने उप पंजीयक कार्यालय बुधनी एवं तहसील कार्यालय रेहटी पहुंचे। उस समय उन्हें पता चला कि उनकी जमीन के अंतरण पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है। इसके बाद मामले का खुलासा परत-दर-परत होता चला गया। किसानों को अपनी जमीनों को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाना पड़ा। अब कुछ किसानों को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है।

### 3500 एकड़ जमीनों की कर दी फर्जी रजिस्ट्री

सीहोर जिले में अधिकारियों के कई बड़े-बड़े कारनामे सामने आते रहे हैं। ऐसा ही एक मामला वर्ष 2013-14 का सामने आया, जिसमें तत्कालीन जिला पंजीयक अधिकारी सहित उप पंजीयक




अधिकारियों, वेंडरों एवं रेहटी तहसील के अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत से करीब 200 किसानों की 48 फर्जी रजिस्ट्रियां की गईं। इन रजिस्ट्रियों के माध्यम से किसानों की लगभग 3500 एकड़ जमीनें पीएसीएल की कई फर्जी कंपनियों के नाम करके न केवल उन्हें करोड़ों का लाभ दिया गया, बल्कि फर्जी स्टाम्प आईडी का उपयोग कर शासन को भी करोड़ों का चूना लगाया। इस मामले का जब खुलासा हुआ तो किसानों के पैरों के नीचे से जमीनें खिसक गई।

### किसानों ने की सुप्रीम कोर्ट, सीबीआई और पीएम कार्यालय को शिकायत

सीहोर जिले के अधिकारियों के कारनामों से अपनी जमीनें खोने की कगार पर आ चुके किसानों ने अपनी जमीनें बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट एवं मामले में सीबीआई की ओर से प्रस्तुत चार्ज शीट पर कोर्ट द्वारा गठित पूर्व जस्टिस आरएम लोढ़ा समिति, पीएम कार्यालय, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेवी), मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश, मुख्य सचिव वल्लभ भवन, सीहोर कलेक्टर, सीहोर पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी रेहटी, तहसीलदार रेहटी को भी एक आवेदन पत्र लिखा। इसमें बताया गया कि रेहटी तहसील के विभिन्न गांवों के कृषकगण, जो अपनी जमीनों के क्रय-विक्रय के संबंध में उप पंजीयक कार्यालय बुधनी जिला सीहोर पहुंचे, तब किसानों को सर्वप्रथम मामले की जानकारी मिली। इसके बाद एसडीएम बुधनी द्वारा रेहटी तहसीलदार को भी पत्र लिखकर सूचित किया गया कि रेहटी तहसील के ग्राम सगोनिया, बरखेड़ा, गेहूंखेड़ा, डोंगरी, बोरदाखेड़ा, बासनियाकलां, मरदानपुर, भड़कुल, मट्ठागांव, रैगांव सहित कई अन्य गांवों के किसानों की जमीनों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाई गई है।

### नाम ओरिजनल, फर्जी फोटो लगाकर किए हस्ताक्षर

जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय सीहोर द्वारा रेहटी तहसील के किसानों की गई फर्जी रजिस्ट्रियों में गवाह एवं किसानों के नाम तो ओरिजनल लिखे गए, लेकिन सभी के फोटो भी फर्जी लगाए गए। बताया जा रहा है कि इस फर्जीवाड़े में जिला पंजीयक-उप पंजीयक कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन अधिकारियों में से अभिषेक सिंह, प्रतिभा कुम्भारे और चंद्रभान साहू की संदिग्ध भूमिका रही। इसके अलावा फर्जी भू-अधिकार पुस्तिका जारी करने रेहटी तहसील कार्यालय सहित सीहोर के रजिस्ट्री स्टांप वेंडरों की भी इसमें संलिप्तता है।

### फर्जी रजिस्ट्री को आधार बनाकर आर्थिक क्रेडिट स्कोर बनाया

किसानों की तरफ से मामले की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील दुबे ने बताया कि पीएसीएल की अन्य सहयोगी कंपनियों ने फर्जी रजिस्ट्री की संपत्ति को आधार बनाकर अपना आर्थिक क्रेडिट स्कोर बनाया और शेयर बेचे। जब शेयर मार्केट में देश के लोगों का लगाया पैसा डूबा तो भारतीय विनिमय बोर्ड ने कंपनी के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई।

सीबीआई की जांच में कंपनी की संपति के पेपर जप्त किए गए और चार्जशीट माननीय सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत की, जहां से जप्त दस्तावेजों में उल्लेखित संपत्ति के विक्रय बंधक अंतरण पर रोक लगाई गई। जब जमीनों पर रोक के आदेश जमीनों, किसानों की सूची संबंधित तहसील कार्यालय में आई, तब किसानों को जानकारी हुई कि हमारी जमीन की फर्जी रजिस्ट्री हुई है। किसानों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति के समक्ष उनकी जमीन के फर्जी दस्तावेज होने एवं लगाई गई रोक को हटाने की कार्यवाही की है, जिसमें से कुछ किसानों के आदेश हुए हैं और कुछ मामले विचाराधीन हैं। सुप्रीम कोर्ट कमेटी के समक्ष किसानों की ओर से कार्यवाही मेरे साथ में अधिवक्ता तन्मय यादव द्वारा की गई है।

### ये बोले-पीड़ित किसान

सगोनिया निवासी किसान विजय सिंह यदुवंशी ने बताया कि उनकी एवं गांव के अन्य किसानों की जमीन जिनका खसरा नंबर 9/1, 99/1, 99/5, 21/1, 19, 41, 160/10, 52, 72/3, 89/1, 89/3, 102/1, 102/2, 102/6, 90/1, 102/3, 89/4, 99/8, 99/9, 13/2, 72/2, 99/4, 103/4, 89/4, 33, 13/3, 21/2, 21/5, 65, 103/1, 104/1, 104/4, 107/14, की भूमि को पीएसीएल कंपनी की मोसोनिरी डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड पश्चिम विहार नईदिल्ली, अंडरकापट प्रा. लि. प्लाट नंबर आरजेडी 26 सहित कई अन्य कंपनियों के नाम पर कर दी गई। मामले का खुलासा भी उस समय हुआ, जब हम अपनी जमीनों के बंटवारा एवं क्रय-विक्रय की प्रक्रियाएं कर रहे थे, तब पता चला कि हमारी जमीनों पर तो सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा रखी है। इसके बाद किसानों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली और अब कई किसानों को इसमें राहत मिली है। कुछ किसानों का मामला अभी माननीय सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। इसी तरह रेहटी, गेहूंखेड़ा सहित तहसील के कई गांवों के 48 किसानों की करीब 3500 एकड़ जमीनों की फर्जी रजिस्ट्री कर दी गई थी।

## खबर संक्षेप

### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में दिव्यांगता चिन्हांकन शिविर आयोजन आज

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के शून्य से 18 वर्ष आयु के सभी बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिए 27 सितंबर को सुबह 10 बजे से सीहोर के प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही शिविर में सीहोर नगर पालिका क्षेत्र के दिव्यांगजनों का कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए चिन्हांकन किया जाएगा और पात्र दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। स्क्रीनिंग शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण के पश्चात दिव्यांगता प्रमाण पत्र के पात्र बच्चों को जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### स्वच्छता श्रमदान के लिए किया पूजन



**सीहोर।** सेवा पखवाड़ा के तहत जिले में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के ग्राम पाटन में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की बालिकाओं द्वारा स्वच्छता समूह गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही ग्राम पाटन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### निःशुल्क प्रोजेक्ट कोड कंप्यूटर प्रशिक्षण 30 से

**सीहोर।** तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सीहोर के शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में 31 अक्टूबर 2025 से आमजन के लिए निशुल्क प्रोजेक्ट कोड कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उपलब्ध कंप्यूटर संसाधनों तथा इंटरनेट सुविधाओं तक आमजन की पहुंच को सुगम बनाना और एक इस प्रकार के ढांचे का निर्माण करना है जिसमें तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास संस्थानों के कम्प्यूटरों को कार्यालयीन समय के अतिरिक्त आमजन के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जा सकें। ताकि वे कम्प्यूटर से संबंधित शिक्षा प्राप्त कर सकें और तकनीकी ज्ञान ले सकें।

## कार सीख रहे युवक ने मारी टक्करः मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोग घायल, भोपाल रेफर, कार जब्त, आरोपी मौके से फरार

**सीहोर।** जिले के ग्राम सैकड़ा खेड़ी जोड़ के पास मॉर्निंग वॉक कर रहे युवकों को एक बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। शुक्रवार सुबह हुए इस हादसे में दो युवक गंभीर घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है।

**ड्राइविंग सीखने के दौरान हादसा :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय कार को एक युवक चला रहा था, जो संभवतः कार चलाना सीख रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ा और कार ने सड़क किनारे चल रहे मॉर्निंग वॉकर्स को टक्कर मार दी।

### स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद अन्य मॉर्निंग वॉकर्स और ग्रामीणों ने घायलों को उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना पुलिस को भी दी गई, जिसके बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

कोतवाली थाना प्रभारी टीआई कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके से कार को जब्त कर लिया है, जबकि कार चला रहा युवक फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। टीआई ने बताया कि दोनों घायलों का इलाज भोपाल के हमीदिया अस्पताल ले जाया गया है। एक पुलिस टीम को बयान दर्ज करने के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## पहले रोगी और बुजुर्गों को भोजन दें: अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा



**सीहोर।** सबसे से पहले रोगी और बुजुर्गों को भोजन दे यह एक धार्मिक मान्यता है जिसका अर्थ है कि किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले, जैसे भगवान को भोग लगाना या कोई भी अनुष्ठान करना, हमेशा जरूरतमंद लोगों, खासकर बीमार और वृद्धों, को भोजन कराना चाहिए क्योंकि उनकी सेवा करना सबसे बड़ा धर्म और परोपकार का कार्य है। यह मानवतावादी दृष्टिकोण पर आधारित है कि पहले जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। आपके घर में कोई अनुष्ठान हो रहा है और उस दौरान पूजन अर्चना में लेट हो रहे है तो सबसे पहले आपके घर में कोई रोगी है और बुजुर्ग है तो उसे सबसे पहले कुछ खाने-पीने की व्यवस्था करना चाहिए, यह उसके लिए औषधी है। उक्त विचार आनलाइन चर्चा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। शुक्रवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर सुबह करीब चार क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाया गया और उसके पश्चात नियमित रूप से भंडारे में पहुंचे श्रद्धालुओं को भोजन के साथ मावे की बर्फी की प्रसादी का वितरण किया गया। आनलाइन चर्चा के दौरान पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि कुबेरेश्वरधाम पर कंकर-कंकर भी शंकर है। बेलपत्र के वृक्ष के नीचे दीपक जलाकर शिव-पार्वती की पूजा करने, जड़ में दीपक जलाने या वृक्ष के नीचे बैठकर जप करने से धन, सुख-समृद्धि, संतान और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं। बेलपत्र भगवान शिव का प्रिय वृक्ष है और इसकी जड़ में भगवान शिव का वास होता है। शिव भक्ति कठिन नहीं है, बहुत ही सरल है। हमें हर समय भगवान शंकर का स्मरण मात्र करना है। उन्होंने शिव भक्तों को बताया कि शिव महापुराण कथा कहती है कि भगवान भोलेनाथ बहुत भोले हैं, उनको पाने के लिए किसी तंत्र, मंत्र, बहुत साधना और बहुत घंटों की अराधना और पूजा से नहीं, बल्कि केवल एक लौटा जल लेकर भगवान शंकर को समर्पित कर दें और सारी समस्या का हल हो जायेगा।

## सोयाबीन की फसल और सर्वे कर आर्थिक सहायता व बीमा राशि देने की घोषणा के बाद किसानों किया डांडिया नृत्य



**सीहोर।** किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जैसे ही मध्यप्रदेश सहित सीहोर जिले के किसानों की सोयाबीन की फसल एमएससी पर भावांतर पर खरीदने एवं खराब सोयाबीन की फसल का सर्वे कराकर आर्थिक सहायता राशि व बीमा राशि किसानों को दिये जाने की घोषणा तो किसानों ने खुशी का इजहार करते हुए डांडिया नाच किया ढोल व लकड़ी के साथ जमकर नाचे। वहीं सोयाबीन के खेतों में काम कर रहे महिला-पुरुषों के चेहरे खिले उठे।

किसानों का कहना है कि हमारी फसल की बीमा राशि देने का भी मुख्यमंत्री जी ने बोला है और जो खराब सोयाबीन की फसल का सर्वे कराकर राहत राशि देने की घोषणा की इसका हम सभी किसान सम्मान करते हें और केंद्रीय कृषि मंत्री जी ने भी आदेश जारी किया हैं। हमारे ग्राम चंदेरी में सर्वे भी किया गया हैं। किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों ने डांडिया नाच किया एवं माननीय प्रधानमंत्री, माननीय मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया।

सीहोर जिले के किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा एवं उज्जैन के जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश राजोरिया जो सीहोर जिला केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का क्षेत्र है एवं उज्जैन माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का क्षेत्र है जहां पर किसानों द्वारा विगत एक माह से खराब सोयाबीन राहत राशि देने में बीमा राशि की मांग की जा रही थी किसान की समर्थन मूल्य पर सोयाबीन की फसल खरीदने की मांग भी की जा रही थी, जिसको लेकर मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसानों की मांग को देखते हुए मध्य प्रदेश के सभी कलेक्टरों को शीघ्र सर्वे करने का निर्देश दिया एवं सीहोर जिले के कलेक्टर को व्यक्तिगत निर्देश देकर सर्वे कराकर बीमा राशि दिलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिस पर प्रशासनिक अधिकारी सर्वे करने ग्राम चंदेरी पहुंचे तो किसानों खुशी का इजहार किया।

किसानों द्वारा डांडिया नाच करते हुए शासन व प्रशासन का धन्यवाद व्यक्त किया और 5 साल से खराब सोयाबीन की फसल की बीमा राशि देने की भी मांग की गई।

साथ ही एम.एस मेवाड़ा ने लकड़ी का हल भी तैयार कराया है और कहा कि जैसे हम किसानों को राहत राशि और बीमा राशि मिलेगी , तब भोपाल पहुंचकर हम सभी किसान लोग मिलकर के मुख्यमंत्री निवास, केंद्रीय कृषि मंत्री निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान करेंगे और उनको लकड़ी का हल देकर डांडिया नाच करते हुए स्वागत कर धन्यवाद व्यक्त करेंगे।

किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा एवं केंद्र कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अपने-अपने जिलों के कलेक्टरों को निर्देश दिया है कि खराब सोयाबीन की फसलों का सर्वे करावे एवं किसानों को खराब हो रही फसलों की बीमा राशि दिल जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसको लेकर सीहोर क्षेत्र के किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा एवं उज्जैन के जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश राजोरिया द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद व्यक्त किया है।

### विधायक बोले स्वच्छता से समृद्धि, अस्वच्छता से आएगी बीमारी, स्वास्थ्य खराब होगा तो नहीं होगा कोई काम

# महात्मा गांधी के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने किया नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक : विधायक सुदेश राय



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

छात्र-छात्राओं के द्वारा ग्राम पाटन में स्वच्छता रैली निकाली गई। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की प्रतिमा को पुष्पमाला पहनाकर दीप प्रज्जवलित कर मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने किया। पाटन के प्रमुख मार्गो से निकाली गई स्वच्छता रैली में छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षिकाऐं और ग्रामीणजन भी सम्मिलित रहे।

स्वच्छता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि स्वच्छता से ही समृद्धी आती है हम स्वास्थ्य रहेंगे तो अधिक श्रम करेंगे जिससे अधिक धन की प्राप्ती होगी जिस से समृद्धी आएगी अस्वच्छता बीमारियों को जन्म देती है स्वास्थ्य खराब होगा तो कोई काम नहीं होगा। उन्होने कहा की महात्मा गांधी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नागरिको को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया है हर घर में शौचालय बन गए है कचरा निपटान के लिए अनेक योजनाऐं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में ग्रामों का विकास भी हो रहा है। गांव में पक्की सड़के नये स्कूल भवन पुल पुलियाऐं तालाब बनाए जा रहे है। विधायक राय ने कहा कि छात्र छात्राओ की अच्छी शिक्षा के लिए भी केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा अनेक कार्य किए जा रहे है।




कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय का ग्राम पंचायत सरपंच समरभ बाई पटेल एवं प्रतिनिधि राकेश पटेल के नेतृत्व में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ग्रामीणजनों के द्वारा मालाऐं पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणजनों छात्र छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं का विधायक सुदेश राय द्वारा अभिवादन किया और ग्राम में विभिन्न निर्माण कायों को लेकर चर्चा की गई।

## गाय से टकराया मोटर साइकिल सवार, गंभीर हालत में भर्ती



**बुधनी।** गुरुवार को औबेदुल्लागंज से सलकनपुर दर्शन के लिए जा रहा बाइक सवार गडरिया नाला पर गाय से टकरा गया राहगीरों ने 112 को घटना की सूचना दी इस पर गडरिया नाला 112 वाहन ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया घायल मोटरसाइकिल सवार की पहचान ओबेदुल्लागंज निवासी विकास भदोरिया पुत्र हुकुम सिंह उम्र 30 वर्ष के रुप में हुई है घटनास्थल पर मृत गाय मिली है राहगीरों की माने तो इसी से टकराकर बाइक सवार घायल हुआ है। अक्सर देखने में आया है कि वाहनों से टकराकर गोवंश या तो घायल हो जाते हैं या फिर उनकी मृत्यु हो जाती है परंतु उनके शव घटनास्थल पर ही पड़े रहते हैं।

कई बार या तो बड़े वाहन मृत गोवंश के ऊपर से निकल जाते हैं वहीं छोटे वाहन चालक इनसे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं हालांकि इन शवों को उठाने की जिम्मेदारी एनएचएआई की होती है बा मुश्किल कभी कभार ही इन्हें उठाया जाता है वरना गोवंश के शव सड़क पर ही पड़े रहते हैं।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य केंद्रों में की गई 658 गर्भवती महिलाओं की जांच

**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 25 सितंबर को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 658 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 234 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाँच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है।

### देवी जागरण आज



**बुधनी।** बहावलपुरी कॉलोनी फेस टू में देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है शाम 07बजे से मां के बेटे देवी जागरण ग्रुप द्वारा विशाल देवी जागरण की प्रस्तुति दी जाएगी आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### गंज दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

**सीहोर।** इस वर्ष भी गंज दशहरा महोत्सव रंगारंग आतिशबाजी के साथ मनाया जा रहा है समिति अध्यक्ष बंटी राठौर द्वारा इस वर्ष कार्यक्रम अध्यक्ष अंकुर उपाध्याय को बनाए जाने पर हार्दिक-हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। नवीन कार्यकारिणी में पराग कौशल महेंद्र विश्वकर्मा सम्मी राठौर देवेंद्र विश्वकर्मा चेतन राठौर दीपक मेवाड़ा विजय विश्वकर्मा अनील बैरागी आदि शामिल है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष बंटी राठौर ने बताया कि अध्यक्ष श्री उपाध्याय का स्वागत सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम की बारात आगामी 2 अक्टूबर को राधेश्याम मंदिर ग्वालटोली से राम बारात दशहरा मैदान जाएगी।

### पलासीकला गांव की महिलाएं-पुरुष ट्रैक्टर पर सावर होकर तहसील कार्यालय पहुंचे

# गांव को नशा मुक्त करने व अवैध शराब पर रोक लगाने एसडीएम, थाना प्रभारी के नाम सौंपा ज्ञापन

**ज्ञापन में बताया गया है कि कुछ बाहरी लोगों द्वारा गाँव के पास दुकानों व घरों से नशीले पदार्थों का व्यापार किया जा रहा है। ये दुकानें खुलेआम नशा बेचकर गांव की सामाजिक शान्ति को भंग कर रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा






शुक्रवार को अवैध शराब व मादक पदार्थ पर प्रतिबंध लगाने पलासीकला गांव की महिलाएं, पुरुष ट्रैक्टर पर सावर होकर तहसील कार्यालय पहुंचे।महिलाओं ने एसडीएम के नाम अतिरिक्त तहसीलदार सौरभ शर्मा को ज्ञापन सौंपकर गांव को नशा मुक्त व अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में बताया पलासीकला गांव में खुलेआम कच्ची व देशी शराब की अवैध रूप से बड़े पैमाने पर बिक्री हो रही है। शराब से परिवार और समाज पर बुरा असर पड़ रहा है। जिससे खासकर महिलाएं ,पुरुष और युवक-युवतियां पीड़ित हैं. ज्ञापन के साथ, महिलाओं ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का भी बात कहीं।

पलासी कला गाँव के निवासियों का कहना है कि सिर्फ शराब ही नहीं, बल्कि कच्ची व पक्की देशी-विदेशी शराब, गांजा व अन्य नशीले पदार्थ भी खुलेआम गाँव में बेचे जा रहे हैं, जिससे गाँव का सामाजिक ताना-बाना बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ग्राम पंचायत द्वारा तहसील व थाना को सौंपे गए दो अलग-अलग ज्ञापनों में ग्रामीणों ने विस्तार से बताया कि यह अवैध व्यापार कुछ लोगों के द्वारा बड़े पैमाने पर संचालित किया जा रहा है और विरोध करने पर घर-परिवार को धमकियाँ व जबरदस्ती का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि नशे का यह कारोबार पहले से चला आ रहा है पर हाल के समय में इसका दायरा बढ़ गया है। अब यहाँ सिर्फ "कच्ची महुआ शराब" नहीं, बल्कि पक्की विदेशी शराब और गांजा जैसी मादक पदार्थ बिक्री के कारण से गाँव के युवक-युवतियाँ पढ़ाई से दूर जा रही हैं, कई युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है और पारिवारिक आय शराब व नशे पर खर्च होने से घर आर्थिक तंगी का शिकार हो रहे हैं। वहीं स्कूल के शिक्षक भी परेशान हैं, लोग शराब पीकर स्कूल में जाकर शिक्षकों व स्कूल के बच्चों को परेशान करने है। जिससे स्कूल के बच्चे व स्टॉप में भी डर का माहौल बना हुआ है। बच्चे स्कूल में पढ़ाई करने जाते है।

जहा शराबियों आतंक फैला हुआ है। महिलाओं ने ज्ञापन में विशेष रूप से कहा है कि वे अब गाँव में सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। घर से निकलते समय असामाजिक तत्वों का सामना, नशे में धुत्त लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार तथा सार्वजनिक जगहों पर लड़ाई-झगड़े आम हो गए हैं। ग्राम पंचायत के ज्ञापनों में सुस्पष्ट रूप से उल्लेख है कि विरोध करने वालों को धमकियाँ दी जाती है।ज्ञापनों में यह भी बताया गया है कि कुछ बाहरी लोगों द्वारा गाँव के पास दुकानों व घरों से नशीले पदार्थों का व्यापार किया जा रहा है। ये दुकानें खुलेआम नशा बेचकर गाँव की सामाजिक शान्ति को भंग कर रही हैं।

ग्रामीणों ने लिखा है कि बच्चों तक नशे का प्रभाव पहुँच रहा है। छोटे-छोटे बच्चे भी नशे की चपेट में आते देखे गए हैं, जो उनके शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खतरनाक है। पलासी कला के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गये तो आने वाली पीढ़ियाँ स्थायी रूप से प्रभावित होंगी। उन्होंने एसडीएम और थाना प्रभारी को दिए गए ज्ञापन में स्पष्ट माँग रखी है, गाँव में शराब और मादक पदार्थों की पूरी तरह से रोक लगाई जाए, अवैध व्यापार करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और गाँव को नशामुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। यह शिकायत केवल पलासी कला तक सीमित नहीं है गाँव के लोगों ने बताया कि आसपास के अन्य गाँवों में भी यही समस्या व्याप्त है।

#### तहसील के कई गांव की महिलाएं सौंप चुकी हैं ज्ञापन

तहसील के कई गिल्लौर नयागांव मनासा पड़ागांव सेमलपानी सहित गांव की महिलाएं पहले भी क्षेत्र के गांवों में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ आवाज उठाई और हुए,एसडीएम,,थाना प्रभारी सहित केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तक गुहार लगाई थी, परन्तु इसकी समस्याएं खत्म होने की वजह ओर पड़ती ही जा रही हैं। इसी वजह से अब ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया है और वे प्रशासन से तुरंत, ठोस कारवाई की अपेक्षा करें रहे हैं।

## संदलपुर से सलकनपुर तक सड़क की हालत खस्ता, बड़े-बड़े गड्ढे पैदल भी चलना मुश्किल

**रेहटी।** नवरात्रि के दौरान हजारो-लाखो की तादाद मे श्रद्धालु पैदल मॉ के दर्शन को सलकनपुर देवी धाम पहुंचते है। बता दे कि नवरात्रि में परंपरागत रूप से इस वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी मंदिर कई किलो मीटर लंबी पैदल यात्रा करते हुए पहुंचते है, यह यात्रा में महिलाएं, पुरुष व युवाओ सम्मिलित होकर करते हैं, लेकिन इस बार यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए भारी चुनौती पूर्ण साबित हो रहा है, कारण यह है की संदलपुर से सलकनपुर वाया बुदनी तक सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, कई जगह खुदाई और अधूरा कार्य होने से मार्ग पर कंकर, मिट्टी और गिट्टी का ढेर जमा है, तो कई स्थानो पर गड्ढे है, बारिश भी बदस्तूर जारी है, जो पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालु के लिए परेशानी सबब बनी हुई है। पैर में कंकर चुभने ओर किचड भरा मार्ग काफी तकलीफ देह साबित हो रहा है।



श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्रि में प्रशासन को पूर्ण रूप से इस मार्ग को समुचित व्यवस्थित करना चाहिए था, किंतु निर्माण कंपनी द्वारा समय पर काम पूरा ना होने से परेशानी और बढ़ गई है। श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ती जाती है और लाखों श्रद्धालु सलकनपुर दर्शन के लिए पहुंचते हैं, पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के साथ बहानो से आने वाले यात्रियों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ा सकता है। देखा जाए तो लम्बे समय से चल रहे, निर्माण कार्य को नवरात्र से पूर्व ही दुरूस्त कर लिया जाना था, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर ना अधिकारियो ने इस ओर ध्यान दिया ओर ना ही ठेकेदार ने, जिसका नतीजा है कि भक्तो को भारी जद्दोजहद कर मां जगत-जननी विजयासन के दर्शन को पहुंचना पड़ रहा है।



### राज गहलोत ने हासिल किया कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज गहलोत शानदार कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। अब उनका उज्जैन में होने वाली प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खेल शिक्षक मोहनीश त्रिवेदी ने बताया कि गहलोत ने यह उपलब्धि आवासीय खेलकूद परिसर में आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में 45 किलोवर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया है। श्री त्रिवेदी ने बताया कि अब वह उज्जैन में होने वाली प्रतियोगिता में

आवासीय खेलकूद परिसर सीहोर में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर लुर्द माता स्कूल की प्राचार्या सिस्टर कृपा एवं मैनेजर प्रभदास तिरकी ने उपजवल भविष्य की कामना की एवं खेल शिक्षक मोहनीष त्रिवेदी ने बधाई दी।

## सलकनपुर पदयात्रियों को यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्रा लिमिटेड ने कराया स्वल्पाहार



**भैरूंदा।** नवरात्रि में सलकनपुर धाम पहुंच रहे श्रद्धालुओं भक्तों ताता लगा हुआ है तो वहीं बड़ी संख्या पदयात्रा कर श्रद्धालु भक्त देवी के दर्शन करने सलकनपुर मन्दिर पहुंच रहे हैं। वहीं दूर दूर से पदयात्रा करने वाले श्रद्धालुओं भक्तों के सेवा करने में व्यापारीगण,सामाजिक लोग भी जुटे हुए हैं। गोपालपुर से लेकर भैरूंदा तक इंदौर रोड से भोपाल मुख्य मार्ग से से होते हुए, बड़ी संख्या श्रद्धालु सलकनपुर देवी मन्दिर पहुंच रहे हैं। वहीं श्रद्धालु की सेवा में व्यापारी, सामाजिक लोगों के द्वारा जगह , जगह भोजन पंडाल स्वल्पाहार ,फलाहारी ,ठंडे पानी से लेकर विश्राम करने की व्यवस्था भी की गई है। जिससे पदयात्रियों को किसी भी प्रकार से कठिनाई का सामना न करना पड़े। रोजाना हजारों की तादाद में दूर-दूर से श्रद्धालु पैदल चलकर मां सलकनपुर देवी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर पैदल पद यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्रा लिमिटेड द्वारा ब्रह्देव बाबा मन्दिर के समीप स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई है जहां भक्तों श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार में खीर की प्रसादी वितरण की जा रही है। साथ ही शुद्ध ठंडा पानी पिलाया जा रहा है। वहीं कंपनी के द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिवस से लेकर प्रति दिन ही सलकनपुर देवी मन्दिर के समीप शुद्ध ठंडा पानी पिलाया जा रहा है। एचओडी मलिकार्जुन राव, डायरेक्टर गोदावर्ती विनोद कुमार, सीनियर मैनेजर पावर मैक मोहन राव, सीनियर मैनेजर पेरिया स्वामी, सीनियर मैनेजर आलाम, मैनेजर दिनेश कुशवाह, अरविंद भदौरिया, अकाउंटेंट छत्रपाल, तरसेन, भानु, विनय कुमार, राहुल रघुवंशी, अमित कुशवाह, राहुल कुशवाह आदि मौजूद थे।

### उमरा एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा है जो व्यक्ति के विश्वास को ताज़ा करती: अमीर हसन सिद्दीकी

**सीहोर।** उमरा एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा है जो व्यक्ति के विश्वास को ताज़ा करती है और उसे अपने जीवन में ईश्वर की उपस्थिति का एहसास कराती है। यह बात शहर के श्रीराधेश्याम कालोनी में उमरा के लिए जा रहे यात्री के स्वागत कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी अमीर हसन सिद्दीकी ने कहे। इस मौके पर कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी, अलाउद्दीन खान, मोहन गोस्वामी, इकबाल खान, अर्जुन मेवाड़ा सहित अन्य ने पुष्प माला पहनाकर लईक उररहमान का स्वागत किया। शहरवासी लईक उररहमान 20 दिवसीय उमरा यात्रा करने मक्का मदीना सऊदी अरब के लिए रवाना हुआ, जिन्हें परिजनों एवं मोहल्लेवासियों ने माला पहनाकर रुख्सत किया। लईक भाई उमरा यात्रा करने मक्का मदीना के लिए रवाना हुए। परिजनों, रिश्तेदारों, एवं मोहल्लेवासियों ने रवाना किया। दिल्ली जाएंगे, जहां से हवाई जहाज से सऊदी अरब के लिए रवाना होंगे। उन्होंने विशेष रूप से यात्रा की सफलता की दुआ दी। उन्होंने कहा कि उमरा हज यात्रा सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक सफर भी है, जो हर मुसलमान के जीवन में बदलाव लाता है।



## कन्या पूजन के साथ नारी शक्ति को किया नमन



**सीहोर।** भाजपा मंडल की मातृशक्ति के द्वारा भजन कीर्तन एवं कन्या पूजन आयोजन किया गया। नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर शहर के गंज स्थित राठौर मंदिर में भाजपा महिला मोर्चा एवं मंडल द्वारा कन्या पूजन का आयोजन किया गया। नारी शक्ति के प्रतीक रूप में कन्याओं के चरण धोकर, तिलक लगाकर व आरती उतारी गई। उन्हें माता रानी का स्वरूप मानकर पूजन कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बहनों ने कहा कि कन्या ही शक्ति का प्रतीक है, कन्या ही भविष्य का आधार है। जिस समाज में कन्याओं का सम्मान होता है, वहाँ सदा समृद्धि और सुख-शांति रहती है। इस अवसर पर माता रानी के भजनों की गूंज से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सामूहिक भजन संध्या के माध्यम से यह संदेश दिया कि नारी की आराधना ही शक्ति की साधना है। इस कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऋतु जैन सीहोर नगर मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा राजेश परिहार, सविता रूद्रप्रकाश राठौर, संध्या दीवान, अनीता ठाकुर, कुमारी कनक ठाकुर, हर्ष राठौर, सरोज सिंह ठाकुर, नूतन राठौर, पुष्प लता राठौर, मिथिलेश राठौर, उमा पालीवाल, श्रीमती सुनीता, ज्योति पांडे, रसीम तोमर कमलेश एवं राठौर महिला मंडल उपस्थिति रही इस अवसर पर श्रीमती सविता रुद्र प्रकाश राठौड़ ने विशाल चुन्नी यात्रा का आह्वान किया मातृशक्ति अधिक से अधिक संख्या में पधारे।

### 13 सालों से निकाली जा रही चुनरी यात्रा सीहोर की बन चुकी है पहचान

# आज निकलेगी धर्मिक भावना से ओत-प्रोत सितारों से सजी 151 मीटर लंबी चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नवरात्रि के पावन पर्व पर हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वावधान में हर साल निकलने वाली ऐतिहासिक चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर शहर में देवी के भक्तों में आस्था और उत्साह है। इसके लिए समिति के संरक्षक नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर करोली वाली माता मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाओं की समिति ने बैठक ली जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल थे।

इसके अलावा गंज स्थित राधेश्याम मंदिर, इंदिरा नगर, कस्बा आदि में पहुंचकर विभिन्न संगठनों और महिलाओं के मध्य अपील की। उन्होंने कहा कि यह पवित्र यात्रा महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम है और देवी की पूजा अर्चना का सबसे सरल उपाय है। नपाध्यक्ष राठौर ने बताया कि चुनरी यात्रा शनिवार को करोली वाली माता मंदिर गंज से सुबह साढ़े दस बजे शुरु होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई इलाही माता हनुमान फाटक कस्बा पर महाआरती एवं प्रसादी वितरण के बाद समाप्त होगी। पिछले 13 सालों से हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वाधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा सीहोर शहर की पहचान बन गई है। नवरात्रि के पावन अवसर पर निकली जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि पिछले 13 सालों से क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए भव्य चुनरी यात्रा निकाली जा रही है।

आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो गई है उन्होंने बताया कि चुनरी यात्रा शनिवार को करोली वाली माता मंदिर गंज से शुरु होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई इलाही माता हनुमान फाटक कस्बा पर महाआरती एवं प्रसादी वितरण के बाद समाप्त होगी। इस चुनरी यात्रा में शहर के सभी कथा वाचकों, मातृ शक्ति सहित अन्य सभी क्षेत्रवासी शामिल रहेंगे। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने सभी क्षेत्रवासियों से निकाली जाने वाली 151 मीटर लंबी भव्य चुनरी यात्रा में शामिल होकर धर्म का लाभ लेने की अपील की है।

## सुर ताल और लय के साथ होगी देवी की अराधना, थिरकेंगे कदम



**सीहोर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिद्धपुर गरबा उत्सव का आयोजन नगर के कुईया गार्डन में आयोजित किया जा रहा है। जिसको लेकर प्रतिभागियों में गरबे की प्रक्टिस और शक्ति की भक्ति के लिये प्रतिभागी कड़ा परिश्रम कर तैयारियाँ कर रहे हैं। गरबा उत्सव आगामी 28 अप्रैल, रविवार कुईया गार्डन में आयोजित किया जा रहा है, उसके पूर्व चार दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण के दौरान आज दूसरे दिन भी प्रतिभागियों का उत्साह चर्म पर रहा। सर्वप्रथम समाजसेविका प्रेमलता राठौर, सामाजिक कार्यकर्ता सीमा सक्सेना, भाजपा नेत्री प्रीति सोनी, पुष्पा सेन ने दीप प्रज्वलित कर माता रानी की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। तत्पश्चात उपस्थित प्रतिभागियों ने माता रानी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, संयोजक प्रदीप नागिया, संरक्षक राजेश काशिव ने बताया कि एक दिवसीय सिद्धपुर गरबा महोत्सव को लेकर प्रतिभागियों में उत्साह है और गरबा प्रशिक्षण मुस्कान अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को प्रतिदिन मुस्कान अग्रवाल द्वारा सुर और ताल की बारिकियाँ व गरबे की स्टेपों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### नपाध्यक्ष प्रतिनिधि बोले- धर्म और मर्यादा की विजय प्रतीक का पर्व है दशहरा

# नए दशहरा मैदान का निरीक्षण, रावण दहन की तैयारियों का लिया जायजा





**निरीक्षण के मुख्य बिंदु**

- दर्शकों के प्रवेश और निकास हेतु सुव्यवस्थित प्रवेश द्वार और मार्ग बनाए जाएं।
- पूरे मैदान में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए, ताकि हर क्षेत्र पूर्णतः रोशन रहे।
- वाहन पार्किंग हेतु अलग से सुरक्षित पार्किंग स्थल चिन्हित किया जाए।
- किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन दल की तैनाती रहे।
- नागरिकों की सुरक्षा हेतु चिकित्सा दल और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

आगामी विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले भव्य रावण पुतला दहन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर पालिका की टीम ने आज दशहरा मैदान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की सुरक्षा, व्यवस्था एवं समुचित प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा पूरा आयोजन सुरक्षित और अनुशासित तरीके से सम्पन्न हो। मुख्य नगरपालिका अधिकारी इकरार अहमद ने बताया कि सुरक्षा के हर पहलू पर ध्यान दिया जा रहा है और साथ ही इस विजयदशमी पर होने वाले रावण का पुतला भी 51 से 55 फिट के आसपास ही रखा जाएगा।

**धर्म और मर्यादा की विजय प्रतीक है दशहराः नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि**

निरीक्षण के बाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने कहा कि दशहरा केवल एक उत्सव नहीं बल्कि सत्य, धर्म और मर्यादा की विजय का प्रतीक पर्व है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अतुल जगताप ने भी कहा कि रावण दहन का यह आयोजन नगर का गौरव है और इसे हर बार की तरह इस बार भी भव्य और सुरक्षित रूप में सम्पन्न किया जाएगा। इस दौरान पार्षद गण पूनम मेवाड़े, रामबाबू प्रजापति, गोपाल जाटव, कैलाश कुशवाह, गिरराज शाक्यवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद, नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं अखाड़ों के उस्ताज भी मौजूद रहे। परिषद के सदस्यों ने बताया कि रावण दहन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक शामिल होंगे, इसलिए सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की है कि वे कार्यक्रम में उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लें और विजयादशमी पर्व को शांति व भाईचारे के वातावरण में मनाएं।

### पेड़ पर लगा था छत्ता, मधुमक्खियों ने अचानक कर दिया हमला

# मधुमक्खियों के हमले में 2 बच्चों, एक महिला सहित सात लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



क्षेत्र के रानीपुरा गांव में सैकड़ों मधुमक्खियों द्वारा अचानक किए गए हमले में सात लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे एवं एक महिला भी शामिल है।

घटना के बाद आसपास एकत्रित ग्रामीणों व अन्य लोगों की सहायता से सातों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करवाई गई जहां सभी का ईलाज जारी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह रानीपुरा गांव निवासी कैलाश तंवर के खेत से सोयाबीन काटने का काम चल रहा था। समीप ही लगे नीम के पेड़ पर मधुमक्खियों का एक छत्ता भी लगा हुआ था। इस दौरान जब ग्रामीणजन पेड़ के नीचे पानी पी रहे थे तभी अचानक गुस्साई मधुक्खियों ने उन पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों इतनी तादाद में थी कि किसी को वहां से भागने या उनसे बचने का मौका नहीं मिला। मधुमक्खियों ने सभी को कईं जगह ढंक मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। घायलों में कैलाश तंवर उम्र 35 वर्ष, कमल तंवर उम्र 32 वर्ष, रामबाबू तंवर उम्र 17 वर्ष, लीलाबाई उम्र 45 वर्ष एवं संदीप व बंटी उम्र क्रमशः 7 एवं 4 वर्ष शामिल हैं।

**लगातार बढ़ रहे मधुमक्खियों के हमले**

क्षेत्र में मधुमक्खियों द्वारा मानवों पर अचानक हमला किए जाने के मामले लगातार बढ़ते ही जा रही हैं। बीते एक वर्ष के दौरान अनेकों स्थानों से मधुमक्खियों द्वारा लोगों को काटने के माले सामने आ चुके हैं। कुछ माह पूर्व समीपस्थ हिरनखेड़ी ग्राम में एक धार्मिक आयोजन के दौरान मधुमक्खियों द्वारा एक दर्जन से अधिक लोगों को घायल करने की घटना हुई थी।

## एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न



**खुजनेर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर परिषद खुजनेर में प्रतिदिन स्वच्छता जागरूकता आयोजन किए जा रहे इसी कड़ी में 25 सितंबर को स्वच्छता श्रम दान एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें प्रातः 8 बजे नगर के न्यू दशहरा मैदान पर सामूहिक श्रम दान किया गया। जिसमें नगर के जनप्रतिनिधि एवं नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा दशहरा मैदान व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी चैराह की साफ सफाई कर श्रम दान किया गया इस अवसर पर केदार काका द्वारा सभी से नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की अपील की कार्यक्रम में पंकज शर्मा पूर्व न.प.अध्यक्ष पार्षद कमल यादव, पार्षद रामचरण यादव, पार्षद मुकेश यादव, जन अभियान परिषद से दयाराम यादव सुरेश यादव नवनीत पटेल सहित न. प. से भूपेंद्र लोहिया अमित यादव प्रभारी दरोगा जगदीश यादव सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महज 170 रुपए जमा करके बिजली कनेक्शन में परिवर्तित होगा नाम

### विद्युत कंपनी ने सरल की नाम परिवर्तन की प्रक्रिया

**राजगढ़।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजगढ़ सहित 16 जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं को कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल के माध्य से विद्युत कनेक्शन के नाम में परिवर्तन करने के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई है। अब उपभोक्ताओं को उनके परिसरों में पूर्व से विद्यमान कनेक्शन के नाम में परिवर्तन करना बेहद आसान हो गया है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं को अपने मीटर से संबंधित नाम में परिवर्तन करना है वह कंपनी की वेबसाइट में एलटी सर्विसेस में दिये गये नेम ट्रांसफर अथवा सीधे सरल संयोजन पोर्टल पर जाकर यूजफुल लिंक्स में दिये गये अप्लाय फॉर अदर सर्विसेस के माध्ग्रम से आसानी नाम परिवर्तन करवा सकते हैं। विद्युत उपभोक्ताओं को नाम परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान अपना आईवीआरएस नंबर, संबंधित का समग्र आईडी, पेन कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्ताअवेज अपलोड करने होंगे। इसके उपरांत बिजली कनेक्शन से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज कर निर्धारित शुल्क 170 रुपए का भुगतान करना होगा। ऑनलाइन आवेदन देने के पश्चात उपभोक्ता आवेदन क्रमांक अथवा मोबाइल नंबर से आवेदन की स्थिति भी देख सकते हैं।

### प्लास्टिक मुक्ति के लिए नपा व प्रशासन ने चलाया अभियान

# दुकानदारों से सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर बांटे कपड़े के बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हमारे पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। इसके बावजूद अमूमन सभी बड़े-छोटे प्रतिष्ठानों पर इनका उपयोग होते आसानी से देखा जा सकता है। मानव स्वास्थ्य पर इसके प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए प्रशासन एवं नगर पालिका की टीम ने प्लास्टिम का उपयोग रोकने जागरुकता अभियान चलाया है।

इसके तहत डिप्टी कलेक्टर ज्योति राजौरे, सीएमओ के.के. शर्मा, डूडा अधिकारी साहू, स्वच्छता नोडल अधिकारी व टीम बाजार पहुंची सब्जी एवं फल विक्रेताओं सहित फुटकर व बड़े प्रतिष्ठान संचालकों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताते हुए दुकानों से उन्हें जब्ती में लेने की कार्यवाही भी की गई। इस दौरान दुकानदारों को समझाईस दी गई कि पॉलीथीन बैग, थर्माकोल प्लेट, प्लास्टिक कप, बोतल जैसी वस्तुएं न केवल हमारे पर्यावरण को प्रदूषित करती जा रही हैं बल्कि स्वच्छता एवं मानव स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरा असर डाल रही हैं। दुकानदारों से पॉलीथीन जब्त करने के बाद उन्हें कपड़े के बैग भी वितरित किए गए। अधिकारीगणों ने व्यापारीगणों से अपील की है कि वे ग्राहकों को सामान देने के लिए कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करें।

**पार्क में किया पौधरोपण**

पर्यावरण संरक्षण की कड़ी में नपा द्वारा गुरुवार को स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत स्थानीय राजीव गांधी पार्क में पौधरोपण करवाया गया। इस दौरान एसडीएम निधि भारद्वाज, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू एवं नपा की टीम ने सहभागिता करते हुए पार्क में विभिन्न किस्मों के पौधे रौपे। नपाध्यक्ष साहू ने रौपे गए पौधों की देखभाल के लिए कर्मचारियों को पाबंद करते हुए तल्ख निर्देश दिए कि पेड़ बनने तक निरंतर पौधों की देखभाल की जाए।



## महाविद्यालय में छात्राओं के लिया लगा निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस कैंप

**खिलचीपुर।** शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर मे गुरुवार को सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत व कलेक्टर राजगढ़ के निर्देश के परिपालन में महाविद्यालय में अध्यनरत छात्राओं के निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार दांगी नें की। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस धर्मवीर सिंह नागर व थाना प्रभारी खिलचीपुर उमाशंकर मुकाती नें ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता पर छात्राओं को मार्गदर्शन दिया तथा जिला परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन मे परिवहन विभाग की टीम के कर्मचारी छोटेलाल जाटव, शरद विजय, जीतेन्द्र जाट, घनश्याम तोमर ने उपस्थित होकर शिविर मे छात्राओं के लर्निंग लाइसेंस हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण करवाई एवं मोके पर ही लायसेंस बनाकर दिए गए। महाविद्यालय मे लगा यह कैंप पूर्ण रूप से निशुल्क था, उक्त लाइसेंस कैंप में महाविद्यालय मे छात्राओं ने लाइसेंस कैंप का फायदा लेकर अपने लाइसेंस बनवाए उक्त कार्यक्रम में आरटीओ टीम सहित महाविद्यालय के आनंद सिंह ठाकुर, रमाकांत अठ्या,गोकुल प्रसाद जाटव,हितेश गुरगेला, दिलीप सिंह भिलाला,डा रामबाबू दांगी, हरिओम गुरगेला व लोक सेवा केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे जिन्होंने लाइसेंस बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

### पचोर महाविद्यालय में करवाया गया था आयोजन

# जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में नरसिंहगढ़ ने राजगढ़ को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय वीर सावरकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पचोर में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों राजगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर, नरसिंहगढ़ और पचोर की टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रथम चरण के लीग मैचों के रोचक मुकाबलों के बाद फाइनल में नरसिंहगढ़ महाविद्यालय और पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ के बीच फाईनल खेला गया। संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में नरसिंहगढ़ महाविद्यालय ने शानदार रणनीति का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जबकि राजगढ़ महाविद्यालय उप विजेता रहा। समापन अवसर पर विजेता टीम को शील्ड और प्रमाणपत्र तथा उपविजेता टीम को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजगढ़ कॉलेज प्राचार्य डॉ. वी.बी. खरे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि "शतरंज एक ऐसा खेल है जो विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, एकाग्रता और निर्णय क्षमता को निखारता है। ऐसे आयोजनों से छात्रों में प्रतियोगी भावना जागृत होती है और वे उच्च स्तर की चुनौतियों के लिए तैयार होते हैं।

**शतरंज धैर्य, त्वरित निर्णय क्षमता का सशक्त माध्यमः** कार्यक्रम का शुभारंभ पचोर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्रीराम जटिया की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों में त्वरित निर्णय क्षमता, धैर्य और मानसिक संतुलन विकसित करने का सशक्त माध्यम है।

## जन समस्याओं को लेकर वार्ड 13 की महिलाओं ने पार्षद का किया घेराव



**नरसिंहगढ़।** शहर के वार्ड क्रमांक 13 में सड़क, नाली , लेंप आदि जनसमस्याओं को लेकर बुधवार को वार्ड की महिलाओं ने पार्षद दीपक शर्मा के घर का घेराव किया। इस दौरान महिलाओं ने वार्ड की समस्याऐं गिनाते हुए इन्हे सुचारू किए जाने की मांग की। महिलाओं ने जल्द समस्याओं का समाधान नही होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है। लोगो का कहना है कि कई साल बीत जाने के बाद भी वार्ड में समस्याऐं बनी हुई है जिसके कारण रहवासियो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। महिलाओं का कहना है कि वह कई बार नपा जनप्रतिनिधि और अधिकारियो ने इन समस्याओं को दूर किए जाने की मांग कर चुकी है। लेकिन उनकी परेशानियां की तरफ कोई ध्यान नही दे रहे है। ऐसे में अब महिलाऐं विरोध प्रदर्शन कर रही है। इधर महिलाओं की शिकायत पर पार्षद ने वार्डवासियो के साथ मिलकर नपा के खिलाफ प्रदर्शन करने की बात कही है। उन्होने नपाध्यक्ष कविता लोकेन्द्र वर्मा पर भृष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए है।

## विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा शास्त्र पूजन कर निकाली शक्ति यात्रा



**माचलपुर।** गुरुवार सुबह नगर के सराफ मैरिज गार्डन में एकत्रित के पश्चात शास्त्र पूजन कर दुर्गा वाहिनी का संचालन नगर में निकला जिसमे बड़ी संख्या दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ता दंड भगवा ध्वज लेकर कदमताल करते हुए डीजे की धुन पर चल रही थी यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी जिसका नगर वासियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा स्वागत किया। यात्रा वापस सराफ गार्डन पहुंची जहां मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित दुर्गा वाहिनी प्रांत सह संयोजिला आकांक्षा दुबे ने दुर्गा वाहिनी के उद्देश्य और संगठन में बहनों की भूमिका पर प्रकाश डाला ! कार्यक्रम में जिला संयोजिका रामकला तोमर मातृ शक्ति जिला संयोजिका नंदनी वैष्णव विश्व हिंदू परिषद से लक्ष्मण गुर्जर दीपक मारु भानु सिंह चैहान यदुनंदन त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान में जुटे ग्रामीण

**खुजनेर।** एक दिन एक घंटा एक साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम ग्राम पंचायत चैंडापुरा में आयोजित किया गया। 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़े अंतर्गत आज राजगढ़ जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों के चयनित ब्जन पर ग्राम पंचायत चैंडापुरा में स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक महेश सौराष्ट्रीय ब्लॉक समन्वयक , व अन्य ग्रामीणजनो ने मिलकर एकीकृत शाला भवन, सामुदायिक परिसर में साफ सफाई की गई, श्रमदान के शपथ सफाईकर्मियों को स्वच्छता किट झाडू एवं फावड़ा प्रदाय किये गए व बाद में प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने के लिए जिला समन्वयक द्वारा ग्रामीणों को समझाइस देते हुए उससे होने वाली हानि की जानकारी दी गई।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न



**कुरावर।** गुरुवार को गल्ला मंडी केसरी नंदन हनुमान मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न हुई इसमें सर्व समिति से अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के मध्य भारत छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय अध्यक्ष अतुल कुमार राठौर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया और प्रांत मंत्री प्रकाश परमार विभाग महामंत्री दीपक पाठक की अनुशंसा से विभाग राजगढ़ एवं ब्यावरा जिला के विभाग अध्यक्ष मुकेश बाबा विभाग उपाध्यक्ष संजय सिंह सिसोदिया जिला ब्यावरा अध्यक्ष भारत सिंह मीणा जिला उपाध्यक्ष मनोज मेवाडे उपाध्यक्ष कैलाश मीणा जिला महामंत्री नंदकिशोर चैधरी जिला मीडिया प्रभारी रामस्वरूप वर्मा राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष रवि धाकड़ उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा को नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर कार्यकारिणी घोषित की।

### सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

# मां बिजासन के दर्शन कर 2100 पौधों का सामूहिक रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



नवरात्रि के पावन अवसर पर सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक आयोजन देखा। प्रदेश सरकार के लघु, मध्यम एवं सूक्ष्म उद्यम मंत्री एवं राजगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप ने मां भैंसवा माता (मां बिजासन देवी) मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश की समृद्धि, शांति व जनकल्याण की कामना की।इसके बाद मंत्री कश्यप ने नमो उपवन परिसर में 'मां के नाम एक पौधा' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, स्कूली बच्चों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में 2100 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। इस अवसर पर मंत्री कश्यप ने कहा कि "नवरात्रि का यह अवसर धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। पौधरोपण भविष्य की पीढ़ियों के लिए जीवनदायी कदम है।

**सेवा पखवाड़ा पर संगोष्ठी**

दौरे का दूसरा प्रमुख कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत संगोष्ठी रही, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती को समर्पित थी। विषय था जीवन परिचय, आत्मनिर्भर भारत एवं एकात्म मानववाद। मुख्य अतिथि मंत्री चैतन्य कश्यप, मुख्य वक्ता भाजपा उपाध्यक्ष पंकज जोशी और सांसद रोडमल नागर मंचासीन रहे। इसी दौरान पंकज जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद केवल राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को समझने का प्रयास है। अंत्योदय की अवधारणा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के रूप में साकार हो रही है। वही सांसद रोडमल नागर ने कहा कि लाड़ली बहना योजना, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं गरीब, महिला, किसान और नौजवान को नई शक्ति और विश्वास दे रही हैं। प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति अपने संसाधनों और कौशल से करना। छोटे, मध्यम और सूक्ष्म उद्योग इस दिशा में रीढ़ की हड्डी हैं। सरकार इन उद्योगों को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दे रही है।

**विकास योजनाओं पर प्रकाश**

राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने जिले में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना, लाड़ली बहना योजना, ई-स्कूटी योजना और मोहनपुरा-कुण्डालिया डेम परियोजनाएं किसानों व आमजन के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

**संकल्प के साथ समापन**

संगोष्ठी का समापन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात कर आत्मनिर्भर, समरस और समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ। अंत में सभी अतिथियों को मां बिजासन देवी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी अमित तोलानी,भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक मोहन शर्मा, पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी,विधायक अमर सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय भूतपूर्व सैनिक रैली 28 को

**नर्मदापुरम।** 28 सितंबर को जिला नर्मदापुरम में जिला स्तरीय भूतपूर्व सैनिक रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली साईं कृष्णा रिसोर्ट गार्डन, पहाड़िया के पास, नर्मदापुरम में सुबह 9 बजे से शुरू होगी। कमाण्डर अनुराग सक्सेना (से.नि.) जरैली के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा पूर्व सैनिकों, विधवाओं, एवं उनके आश्रितों को विभिन्न कल्याण कारी, पुनर्वास से अवगत कराया जाएगा।

### शहर के सबसे बड़े पंडाल में हो रही मां भुवनेश्वरी देवी की आराधना



**नर्मदापुरम।** शांति नगर में संस्था संकल्प ने इस बार आयोजन के 27वें वर्ष में मां भुवनेश्वरी की स्थापना की है। संस्था संकल्प ने वर्ष 1996 में मां आदिशक्ति दुर्गा उत्सव समिति की स्थापना की थी। वर्ष 1996 से 2016 तक मां दुर्गा की स्थापना की गई। 2017 से समिति ने माता के अलग-अलग रूपों की स्थापना शुरू की। खास बात यह है कि यहां शक्ति की आराधना के साथ ही हर साल समाज को जागरूक करने के लिए कुछ नया प्रयोग किया जाता है। हाल ही में समिति ने स्वच्छता दूतों का सम्मान किया था।

तैयार होता है सबसे बड़ा पंडाल
समिति के आयोजन में हर साल शहर में सबसे बड़ा देवी पंडाल तैयार किया है। रोजाना कन्याएं मां की आरती करती हैं। बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्षेत्रीय लोगों के लिए निश्शुल्क गरबे का आयोजन किया जाता है। गरबे में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए गरबे की अलग व्यवस्था रहती है। प्रसाद वितरण, दर्शन सहित अन्य कामों में श्रद्धालुओं के प्रवेश की व्यवस्था भी अलग रहती है।

### आष्टा और दोराहा थाने को मिला आईएसओ सर्टिफिकेट

# अब पुलिसिंग भी होगी हाई टेक और हाई क्लास, एसपी ने सौंपे आईएसओ प्रमाण पत्र








आधुनिक हॉल-कमरों से लैस आईएसओ थाने, विधायक गोपाल इंजिनियर और पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने पुलिसकर्मियों को दी बधाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/दोराहा

जिले के आष्टा और दोराहा थाना अब की सुरक्षा का प्रतीक नहीं, बल्कि तकनीक और सुविधाओं की दृष्टि से भी मिसाल बन गए है। और इन दोनों थानों को शुकवार को आष्टा थाना परिसर में आयोजित शासकीय कार्यक्रम में आईएसओ सर्टिफिकेशन सौंपे गए।

शुक्रवार को विधायक गोपाल इंजिनियर और पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया की मौजूदगी में आयोजित एक समारोह में आष्टा थाना प्रभारी गिरीश दुबे और दोराहा थाना प्रभारी राजेश सिन्हा को यह प्रमाण पत्र सौंपे गए।

### डिजिटल लैस हुए थाने, पुलिस को अपराध हल करने में होगी आसानी-एसपी

कार्यक्रम में शामिल हुए पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि आईएसओ की सभी मानकों पर खरा उतरने के पाश्चात्य जिले के दोनों थाने दोराहा थाना और आष्टा थाने को आईएसओ प्रमाण पत्र सौंपे गए हैं। इन थानों में अधिसंरचना के कार्य, थाने पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, रिकॉर्ड सुरक्षित रखने की व्यवस्था, विवेचकों के कार्य करने की व्यवस्था, महिला और बच्चों के लिए खास व्यवस्था, प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए प्रेस हॉल, मीटिंग हॉल, आग जैसी घटना से आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था सहित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में इन थानों को डिजिटल लैस बनाया गया है जिससे पुलिस को अपराध को हल करने में आसानी होगी। और फरियादी और पुलिस के बीच विश्वास बढ़ेगा।

### पुलिस और पब्लिक में बढ़ेगा विश्वास-विधायक इंजिनियर

अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक गोपाल इंजिनियर ने आष्टा थाने का आईएसओ प्रमाण पत्र मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा की आईएसओ थाना होने पर पारदर्शिता बढ़ती है पब्लिक के लिए जवाबदेही बढ़ती है पुलिस और पब्लिक के बीच में विश्वास बढ़ता है थानों में रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे, थाने में आने वाले फरियादियों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई है हमारी भाजपा सरकार की कोशिश है की जिस तरह थानों को हाईटेक किया गया है ऐसे ही अन्य सरकारी व्यवस्थाओं को भी डिजीटल किया जाएगा।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

आष्टा थाना परिसर में आयोजित हुए आईएसओं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान विधायक गोपाल इंजीनियर, पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, बीजेपी मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया,एसडीओपी आकाश अमलकर, एसडीओपी सीहोर देहात पूजा शर्मा, दोराहा थाना प्रभारी राजेश सिन्हा, आष्टा थाना प्रभारी गिरीश दुबे, पार्वती थाना प्रभारी हरिसिंह परमार, वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र कैलाश सोनी, आईएसओ संस्था के योगेंद त्रिवेदी सहित एनसीसी के छात्र और पत्रकार गण मौजूद रहे।

## मां शक्ति की आराधना कर धर्म लाभ ले रहे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



महिदपुर रोड गुरुवार को सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के श्रद्धालु उपवास आदि तप करके मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं। क्योंकि मां शक्ति की आराधना भक्ति से करने पर ही शक्ति की प्राप्ति होती है। नगर में नवरात्रि बड़े उत्साह के साथ भव्य रूप में मनाई जाती है महाआरती एवं गरबा में उमड़ रही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ से पता चलता है कि माता रानी के प्रति भक्तों का उत्साह कितना चरम सीमा पर है। रात्रि में मां अंबे की महा आरती में भक्तों का जन सेलाब इस महापर्व की अति भव्यता को प्रदर्शित कर रहा है। रात्रि 8:00 बजे से ही मां के दरबार में भक्तों का तांता लगा प्रारंभ हो जाता है आरती प्रारंभ होते ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचकर मां अंबे के चरणों में अपनी हाजिरी लगा रहे हैं। नगर के सुप्रसिद्ध गायक कलाकारों द्वारा मां अंबे की महाआरती मधुर संगीत और भजनों के द्वारा गाई जाती है तत्पश्चात सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा भव्य गरबा महोत्सव आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है जिसका लाइव प्रसारण दिखाया जा रहा है। मां के दरबार में हजारों श्रद्धालु सुर मधुर भजनों पर भाव विभोर होकर गरबा नृत्य कर मां शक्ति की आराधना कर रहे हैं नवमी पर नगर में विशाल भंडारे का आयोजन सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति एवं नगर वासियों के सहयोग से किया जाएगा जिसमें माता रानी को हलवा पूरी चने का भोग लगाया जाएगा। समिति द्वारा सभी नगर वासियो एवं ग्रामीण बंधुओ से माता रानी के भंडारे में पधार कर धर्म लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया गया है। उक्त जानकारी नगर के सामाजिक कार्यकर्ता सचिन भंडारी ने दी।




### समेरिटंस के कैडेट्स ने मनाया विश्व नदी दिवस

**नर्मदापुरम।** 13 मध्यप्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने बटालियन से प्राप्त निर्देशानुसार हमारी नदियां हमारी जिम्मेदारी कार्यक्रम कार विश्व नदी दिवस मनाया। इस अवसर पर गुरुवार को विवेकानंद घाट पर साफ सफाई कर लोगों को जागरूक किया। घाट पर पॉलीथिन, कचरा वासी फूल माला,शैंपू का उपयोग नहीं करने के लिए कहा। इस अवसर पर सेकेंड आफीसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, मैनेजर श्प्रदीप कुमार यादव ने नदी के महत्व एवं नदियों के रूप में हमारी सभ्यता एवं नदियों के बारे में जानकारी प्रदान की। प्राचार्य प्रेरणा रावत ने भी लोगों को सामाजिक मूल्यों और जिम्मेदारी से अवगत कराना है।

### श्रीरामलीला महोत्सव में भरत मिलाप की लीला हुई संपन्न

**नर्मदापुरम।** लीला में बताया गया कि राजा दशरथ के स्वर्गवास होने के उपरांत अयोध्या में राजसमाज की बैठक होती है जहां ब्रह्मऋषि वशिष्ठ और श्रीभरत और श्रीशत्रुघ्न के साथ ससमाज पुरवासी गण श्रीरामजी से भेंट करने वन की ओर प्रस्थान करतें हैं । वन में उनकी भेंट निषादराज से होती है , भरतजी को निषाद उन सभी पवित्र स्थलों का दर्शन करातें जहां श्रीराम जी ने विश्राम किया था पश्चात निषाद ,भरत जी को उस स्थान पर ले जातें है जहाँ पर श्रीराम जी जानकीजी और लक्ष्मण जी रह रहे होते हैं। श्रीभरत और श्रीराम का मिलन होता है, वन में ही वशिष्ठ जी के मार्गदर्शन में राजसमाज की बैठक होती है जिसमें श्रीराम जी के कहते हैं कि वे पिताजी के वचनानुसार 14 वर्ष वनवास व्यतीत करने के उपरांत ही अयोध्या आवेंगे , भरतजी श्रीरामराज्याभिषेक के लिए लाए गए पवित्र नदियों के जल को अत्रिमुनि के द्वारा बताए गए कामदगिरी पर्वत के कुएं में विसर्जित करदेते हैं श्रीराम जी अपनी निशानी के रूप में भरतजी को अपनी खड़ाऊं दे देते हैं ।

## सफाई मित्रों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्वच्छता ही सेवा-2025 अंतर्गत दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक दैनिक कैलेंडर अनुसार स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन विभिन्न विभागों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है, इसी श्रंखला में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन एवं कलेक्टर बालगुरु के. के नेतृत्व एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नितिन टाले के निर्देशन में जनपद पंचायत -आष्टा अंतर्गत शामिल ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय में निवासरत सफाई कर्मियों एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया,जिसमें सफाई कर्मियों का ब्लड प्रेशर लेवल,शुगर,नेत्र परीक्षण एवं पैथोलॉजी जांच की गई एवं उचित स्वास्थ्य बनाये रखने की सलाह दे कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गई,यह स्वास्थ्य शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र-आष्टा एवं जावर ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र-कोठरी एवं सिद्दीकगंज,स्वास्थ्य केंद्र-मैना सहित कुल 5 स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच एवं आवश्यक उपचार किया गया,शिविर में लगभग 113 से ज्यादा सफाई कर्मियों एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया,इस अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर ने उपस्थित सफाई मित्रों को काम के दौरान ग्लोब्स पहनने ,मास्क लगाने एवं समय-समय पर अपना हेल्थ चेक अप कराने की सलाह दी ,इस अवसर पर चिकत्स्कों, स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारियों एवं जनपद पंचायत-आष्टा के कर्मचारियों ने अपनी सेवायें प्रदान की।

## समेरिटंस स्कूल में हुआ गरबा महाआरती का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस विद्यालय सांदीपनि परिसर मालाखेड़ी में इन दिनों दुर्गोत्सव की धूम है। उत्सव के दौरान गुरुवार को विद्यालय में गरबा और महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें समेरिटंस समूह के सभी आठ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भागीदारी की। आयोजन में सभी आठों समूह की शिक्षकाओं की टीमों के बीच गरबा नृत्य की प्रतियोगिता भी हुई। गरबा नृत्य के बाद प्रतिभागियों को पुरस्कारों का वितरण किया गया। बाद में महाआरती का आयोजन किया गया।

### राजा मोहल्ला में विराजी मां दुर्गा की प्रतिमा



**नर्मदापुरम।** देवीदर्शन उत्सव समिति राजा मोहल्ला द्वारा इस वर्ष भी अठारह भुजाओं वाली मां महिषासुरमर्दिनी की स्थापना की गई है। प्रतिदिन समिति द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। महिला मंडल संयोजक आशा चौकसे ने बताया की मां की आराधना मे बच्चे बड़े सभी बड़े उत्साह से शामिल हो रहे है। ये शहर की एकमात्र अठारह भुजाओं वाली प्रतिमा है जिसकी बड़े विधि विधान एवं नियमो का पालन करते हुए पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी से शामिल होने का आव्हान किया है।

### कोठरी मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

# विधायक गोपाल इंजीनियर हुए शामिल, किया पौधरोपण






हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कोठरी मंडल में एकात्म मानववाद के प्रणेता, भाजपा के सभी के कार्यकर्ताओ के प्रेरणास्त्रोत पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई गई। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में उपस्तिथ सभी कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद कोठरी में उनकी चित्र पर पुष्प अर्पित पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में सभी जनप्रतिनिधियों,मंडल के पदाधिकारियों ने नगर परिषद में वृक्षारोपण भी किया। सेवा पखवाड़े के तहत आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोठरी में 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा - 2025' अभियान का विधायक द्वारा शुभारम्भ कर अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण किया गया । आज सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वार सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की उपस्तिथि में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,पोस्ट आफिस, जिला सहकारी बैंक,सेवा सहकारी समिति,सीनियर कन्या छात्रावास कस्तूरबा गांधी छात्रावास कोठरी, शासकीय कन्या हाई स्कूल कोठरी में प्रमाण पत्र वितरण एवं वृक्षारोपण, शासकीय माध्यमिक कन्या शाला कोठरी,भारतीय स्टेट बैंक,कस्तूरबा गांधी जूनियर छात्रावास में बच्चों के साथ विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने संवाद किया। कार्यक्रम में पार्षद राधेश्याम दलपति, कोठरी मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि युवराजसिंह सहित सभी जनप्रतिनिधि, पार्षद, अधिकारी, डॉक्टर, शिक्षक उपस्तिथ रहे।

## मरीह माता मंदिर पर नवमी को होगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ पर्व मनाया जा रहा है। शुक्रवार को नवरात्रि के पांचवे दिवस मां दुर्गा के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की विशेष पूजा-आराधना की की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, जितेन्द्र तिवारी, मोहन गोस्वामी और धर्मेन्द्र माहेश्वरी सहित अन्य बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। मंदिर में आगामी एक अक्टूबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर रात्रि बारह बजे महानिशा आरती का आयोजन किया जाएगा। संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि शुक्रवार को हवन में वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां दी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ 500 सौ से अधिक आहुतियां दी। मां स्कंदमाता का आह्वान किया। देवी स्कंदमाता कार्तिकेय यानी कि स्कंद कुमार की माता हैं, इसलिए इन्हें स्कंदमाता नाम दिया गया है। भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। कहते हैं कि नवरात्रि में निसंतान दंपत्ति को स्कंदमाता की विशेष उपासना करनी चाहिए, पौराणिक मान्यता है कि स्कंदमाता की आराधना से सूनी गोद जल्द भर जाती है। उन्होंने बताया कि सांसारिक जीवों में नवचेतना का बीज बोने वाली देवी कहलाती हैं मां स्कंदमाता। चैत्र नवरात्रि के पांचवें दिन स्नान के बाद पीले वस्त्र पहनें और फिर देवी को पीला चंदन, पीली चुनरी, पीली चूड़ियां, पीले फूल अर्पित करें। पूजा में ऊं स्कंदमात्रै नम का जाप करते रहें। मां स्कंदमाता को केले का भोग अति प्रिय है। खीर में केसर डालकर भी नेवैद्य लगाया जा सकता है।